एक नजर में

दो तस्करों को सात-सात साल की सजा

रतलाम। एनडीपीएस के विशेष न्यायालय ने अफीम तस्करी के मामले में दोषी पाए जाने पर अभियुक्त चैनसिंह पिता भगवान सिंह निवासी ग्राम किशनगढ थाना ताल एवं कंवरलाल व्यास पिता शिवलाल व्यास निवासी ग्राम दौलतगंज तहसील आलोट को एनडीपीएस की धारा 8 सहपठित धारा 18 सी में सात-सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। दोनों अभियुक्तों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया। फैसला एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश (द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश) आशीष श्रीवास्वत ने सुनाया। सहायक निदेशक अभियोजन आशा शाक्यवार ने बताया कि 22 जून 2020 को थाना नारकोटिक्स सेल प्रकोष्ठ नीमच में पदस्थ उपनिरीक्षक रऊफ खान को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी चैनसिंह पिता भगवानसिंह निवासी ग्राम किशनगढ़ उसके साथी कंवरलाल व्यास पिता शिवलाल व्यास निवासी ग्राम दौलतगंज के साथ मिलकर अपने बाइक (एमपी-43/-ईए-0156) से झोले मे अफीम लेकर दौलतगंज, ताल होते हुये ताल-मण्डावल फंटे पर किसी कार चालक को ढाई-तीन घंटे के अंदर देने जाने वाला है। सूचना पर उप निरीक्षक रऊफ खान ने पुलिस बल के साथ ताल-मण्डावल फंटे के पास पहुंचकर नाकाबंदी की थी। कुछ समय बाद मुखबिर की सूचना के अनुसार बाइक पर दोनों आरोपीगण आते दिखे। घेराबंदी कर दोनों को रोका तथा बाइक पर उनके बीच रखे झोले की तलाशी लेने पर उसमें 2 किलो 400 ग्राम अफीम पाई गई थी। टीम ने अफीम जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अफीम आरोपी गोपाल से लाना बताया था। इस पर गोपालसिंह पिता पुरसिंह निवासी ग्राम बपैया जिला उज्जैन को भी आरोपी बनाया गया था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोषी पाए जाने पर चैनसिंह व कंवरलाल को सजा सुनाई। वहीं गोपाल के खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं होने पर उसे दोषमुक्त किया गया। प्रकरण में शासन की तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/एडीपीओ संजय वसुनिया ने की। वहीं गोपाल की तरफ से पैरवी उनके अभिभाषक मनमोहन दवेसर ने की।

किसानों को फास्फोरस युक्त उर्वरकों के उपयोग की सलाह

रतलाम। उप संचालक कृषि श्रीमती नीलम चौहान ने बताया कि जिलें मे रबी सीजन मे 302130 हेक्टेयर में बोनी हेतु प्रस्तावित रकबा है । लगभग 182970 हेक्टेयर में गेहू, चना, मसूर, सरसों, मटर, अलसी, फसलों की बोनी हो चुकी है । वर्तमान में उर्वरक की उपलब्धता सहकारिता एवं निजी में यूरिया क्रमशः 1644 मेट्रिक टन एवं 1210 मेट्रिक टन कुल 2854 उपलब्ध है, सहकारिता एवं निजी में डीएपी क्रमशः 1183 मेट्रिक टन एवं 663 मेट्रिक टन कुल 1846 - मेट्रिक टन, एमओपी क्रमशः 345 मेट्रिक टन एवं 880 मेट्रिक टन कुल 1225 मेट्रिक टन, तथा सहकारिता एवं निजी में एनपीके क्रमशः 2157 मेट्रिक टन एवं 3393 मेट्रिक टन कुल 5550 मेट्रिक टन एवं स्स्क्क क्रमशः 3431 मेट्रिक टन एवं 6176 मेट्रिक टन कुल 9607 मेट्रिक टन, उपलब्ध है । इस तरह जिलें में कुल 21082 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है । किसी भी प्रकार की उर्वरक की कमी नहीं है । प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति एवं निजी विक्रेताओं के यहां उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है । मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के दिलीप नगर केंद्र पर यूरिया 20.25- टन, फास्फोरस युक्त उर्वरक जैसे टीएसपी - 62.20 टन, 20:20:00:13 - 20 टन, 20:20:0 - 54.50 टन, एसएसपी-9.20 टन, बिरियाखेडी केंद्र पर यूरिया -101.16 टन एवं फास्फोरस युक्त उर्वरक जैसे टीएसपी - 59.10 टन, 20:20:00:13- 47.55 टन, 20:20:0 - 49.70 टन, एसएसपी -15.30 टन, उपलब्ध है । किसान भाईयों से अपील की जाती है कि विपणन संघ के गोदामो में, प्राथमिक कृषि साख समितियों में एवं निजी विक्रेताओं के यहां पर्याप्त मात्रा में फास्फोरस युक्त उर्वरक उपलब्ध है। डी.ए.पी. एवं 12:32:16 के स्थान पर उपलब्ध अन्य फास्फोरस युक्त उर्वरकों का उपयोग करें ।

शासकीय स्वास्थ्य केंद्र बाजना में मानसिक स्वास्थ्य शिविर संपन्न

रतलाम। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय रतलाम की मन कक्ष टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाजना में कैंप आयोजित किया गया । कैंप में मरीजो का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । कार्यक्रम मे बी.पी.एम., मेडिकल ऑफिसर, समस्त सी. एच.ओ., ए. एन. एम., नर्सिंग स्टॉफ एवं आशा कार्यकर्ताओ को बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य एवं मुख्य मानसिक रोग की पहचान करें एवं उपचार के लिए रेफर करें, प्रत्येक गुरुवार मानसिक स्वास्थ्य ओ.पी.डी. में मरीजों का परीक्षण करे। आत्महत्या रोकथाम के लिए प्रयास करें, मंदबुद्धि बच्चो एवं अन्य रोगों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाए, मातृत्व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो एवं मदद करे, उमंग क्लिनिक में किशोर किशोरियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए। आपसी सहयोग बनाये, स्वयं के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें, साथ ही टेलीमानस और मनहित एप की जानकारी दी गई । मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम मन कक्ष प्रभारी डॉ. निर्मल कुमार जैन, क्लिनिकल साइकोलॉजीस्ट डॉ अंचला दीक्षित एवं नर्सिंग ऑफिसर्स नागेश्वर राठौर, उमंग काउंसलर सुनीता द्वारा संपन्न किया गया ।

सुने मकान से लाखों के आभूषणों सहित डेढ़ लाख चुरा ले गए बदमाश

नवभारत न्यूज

रतलाम। प्रदेश से बाहर जाने पर घर में अज्ञात बदमाशों ने चोरों की वारदात को अजांम दिया। अन्य परिजन परिवार के यहां गए थे। घर सुना होने से बदमाशों ने यहां वारदात को अंजाम दिया।

शादी के लिए आभूषण और नगदी घर में रखी थी

शहर में बदमाशों ने एक बार फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। स्टेशन रोड थाना अंतर्गत कसाई मंडी बस्ती में एक सूने मकान को बदमाशों ने निशाना बनाया। चोरी की घटना रईस पिता नाहर मोहम्मद के मकान में हुई है। रईश गुरुवार दोपहर उर्स के लिए यूपी के मकनपुरा गए थे। घर में उनकी मां छोटी बी, पत्नी और तीन बच्चे थे। रात में सभी रईस के बड़े भाई हमीद कुरैशी के घर सोने चले गए थे। रईश कुरैशी की मां छोटी बी ने बताया घर दो माह बाद पोती



की शादी होना है। उसके लिए आभूषण खरीदे थे। घर में रखी कान के सोने के लटकन, मंगलसूत्र, नाक के दो कांटे, सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट चोरी कर गए। इसके अलावा उनकी खुद की चांदी के ढाई सो ग्राम की दो जोड़ पायजब, चांदी की तीन चेन, चांदी के कंगन भी चुरा ले गए। एक दिन पहले ही वीसी के डेढ़ लाख रुपए आए थे। वह भी चोर चुरा ले गए। बच्चों के गुल्लत तोड़ कर उसमें रखे तीन से चार हजार रुपए भी चुरा कर ले गए। चोरी की सूचना पर पुलिस पहुंची भी पहुंची। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला

शनिवार सुबह करीब 10 बजे रईस का बेटा मुनाफिर कुरैशी (12) व बेटी खातमा (9) घर आए तो ताला खुला मिला। बच्चों ने दादी व मां को बताया। घर के अंदर गए तो अलमारी खुली थी। सामान बिखरा हुआ था। अमलारी में एक बॉक्स में रखे सोने व चांदी के आभूषण नहीं थे। बाद में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची।

विधिक सेवा सप्ताह : आज से कानून, अधिकारों पर जागरूकता की होगी अभियान की शुरुआत

न्यायोत्सव के दौरान बाईक,साईकिल रैली निकलेगी

नवभारत न्यूज

रतलाम। विधिक सेवा सप्ताह के तहत आज से कानून और अधिकारों पर जागरूकता अभियान की शुरुआत की जाएगी। यह आयोजन न्यायोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसमें बाईक,साईकिल रैली भी निकाली जाएगी।

न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज पवैया ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री नीना आशापुरे के निर्देशानुसार विधिक सेवा सप्ताह 9 नवंबर से शुरू होगा, जिसमें सात दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कानून और उनके अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। 9 नवम्बर को जन जागरूकता मैराथन और कानूनी सेवाओं की प्रदर्शनी के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसमें पोस्टर मेंकिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं और लघु नाटक जैसी गतिविधियां शामिल होगी। 10 नवंबर को जेलों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित होगें, जहां कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में बताया जाएगा।

11 नवंबर को विश्व शिक्षा दिवस पर स्कूलों और कॉलेजों में कानूनी विषयों पर चर्चा होगी। 12 नवंबर को ग्रामीण और श्रमिक क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित होगें, जहां नागरिकों को कानूनी अधिकारों और सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। 13 नवंबर को बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण और जागरूकता शिविर होगा, जिसमें बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जाएगा।

14 नवंबर को बाल दिवस पर कानूनी और जागरूकता अभियान आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले सत्र होगें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। न्यायोत्सव: के दौरान बाईक/साईकिल रैली भी आयोजित की जाएगी, जिसमें पैरालीगल वालेंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता और एनजीओ शामिल होगें। इस पहल का मुख्य संदेश ''हर बच्चे के लिए न्याय'' होगा।

रतलाम में वार्षिक वरसी महोत्सव का समापन

रतलाम। रामस्नेही संप्रदाय की मालवा प्रांत की प्रमुख शाखा बड़ा रामद्वारा पुरोहित जी के बास में आयोजित वार्षिक वरसी सत्संग महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन हुआ जिस में रामस्नेही संप्रदाय के पूर्व आचार्यो एवं रामद्वारा महंतों की अनुभव वाणी पाठ एवं अखंड राम नामजप का आयोजन हुआ । संत महापुरुषों की अनुभव वाणी के 50,000 दोहा का पाठ संतों द्वारा किया गया साथ ही भक्तों द्वारा 24 घंटे अखंड रामनाम जप का आयोजन तीन दिवसीय वार्षिक वरसी कार्यक्रम आयोजन मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष तृतीय शनिवार को मंदिर, दिव्य देवालय शिखर, पादुका पूजन और महा आरती के साथ संपन्न हुआ। संत गोपालदास खेड़ापा, सन्मुखराम महंत झूठावद , देवाराम पीपाड, संत सालग्राम ,मोहनदास खेड़ापा, संत गोरधनदास , संत किशनदास, संत देवाराम खेड़ापा के साथ ही शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहें ।

केंद्रीय कार्य समिति की बैठक आज

रतलाम। ऑल इंडिया रेलवे अकाउंटय स्टाफ एसोसिएशन के दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रविवार को प्रातः 10 बजे से दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में केंद्रीय कार्य

रतलाम पहुंचने पर पदाधिकारीयों का स्वागत

समिति की बैठक संगठन के अध्यक्ष पार्थ भट्टाचार्य कोलकाता एवं महामंत्री रेजी जॉर्ज मद्रास की उपस्थिति में संपन्न होगी। कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश व्यास ने बताया कि केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में कोलकाता, गोरखपुर, नागपुर, सोलापुर, मुंबई, दिल्ली एवं रतलाम के झोनल पदाधिकारी भाग लेंगे। केंद्रीय कार्य समिति कीबैठक में भारतीय रेलवे के लेखाकर्मियों पर आगामी 2 वर्षों में किए जाने वाले कार्य एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा होगी। आपने बताया कि आज रतलाम पहुंचने पर संगठन के अध्यक्ष पार्थ भट्टाचार्य महामंत्री भेजी जॉर्ज सहायक महामंत्री एन चंद्रशेखर,आशीष बैनर्जी,वी लंका का रतलाम पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष आफाक हुसैन अंसारी,मंडल मंत्री अनिल जैन, कार्यकारी अध्यक्ष तुषार हाडा,कोषाध्यक्ष दिलीप कानूनगो की उपस्थिति में केसरिया दुपट्टा और माला से स्वागत किया गया।

पुलिस का विशेष रात्रिकालीन चेकिंग अभियान असामाजिक तत्वों व संदिग्धों की जांच की

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले में चोरी-चकारी, अवैधानिक गतिविधियों तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी लगाम कसने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में रतलाम शहर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा गत रात्रि विशेष चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान थाना क्षेत्रों में स्थित उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ बाहर से आकर अस्थायी रूप से डेरे, तंबू या झोपड़ियाँ बनाकर लोग निवास कर रहे थे। पुलिस टीमों ने ऐसे व्यक्तियों से उनके आने का कारण, कामकाज, स्थायी पते तथा पहचान संबंधी दस्तावेजों की जानकारी ली। इसके

साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में संबंधित स्थानीय थानों से संपर्क कर उनके सत्यापन (वेरिफिकेशन) की कार्रवाई भी की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने मुख्य मार्गों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी सघन गश्त एवं चेकिंग की। रतलाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि उनके आस-पास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल-112 पर सूचना दें। आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में सभी करे सहयोग : नितिन लोढ़ा

नवभारत न्यूज

रतलाम। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करवा रहा है। यह कार्य 23 वर्षों बाद किया जा रहा है। भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े

एसआईआर के लिए दीनदयाल मंडल की कार्यशाला संपन्न

लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं प्रमाणीकरण अत्यंत आवश्यक है । क्योंकि मतदान सबसे बड़ा दान होता है। इससे देश का भविष्य सुनिश्चित होता है।

यह बात एसआईआर कार्यक्रम के जिला संयोजक नितिन लोढ़ा ने दीनदयाल मंडल द्वारा आयोजित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होने

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में सभी से सहयोग का आव्हान किया । जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस सहित समूचा विपक्ष मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विरोध कर रहा है। ये भ्रम वे इसलिए फैला रहे है, क्योकि जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। इस कार्य में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक भाग ले और हर योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में हो, यह सुनिश्चित हो। एसआईआर में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची में अपना नाम समय से जुड़वाएं।

जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का देवतुल्य कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी के माध्यम से भारत माता की सेवा के लिए निरंतर लगा रहता है। हमें अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं कड़ाई से करना है।

स्वागत उद्बोधन देते हुए मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार ने कहा की एसआईआर का कार्य हर पोलिंग बूथ में किया जाना है। इसके अंतर्गत फार्म 6,7 और 8 हैं, जिसमे नाम जोड़ना, घटाना, मृतक व्यक्ति या अन्य व्यक्तियों के नाम काटना, ट्रांसफर हुए व्यक्तियों की सूची तैयार करने का कार्य होगा। विभिन्न प्रकार से मतदाता सूची का शुद्धिकरण होने के पश्चात 7 फरवरी को अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी। इस दौरान जिला सह मिडिया प्रभारी नीलेश बाफना, मंडल महामंत्री शुभम चौहान, आकाश खड़के मंचसीन रहे7 कार्यशाला में मंडल के बूथ कार्यकर्ता बीएलए, वार्ड संयोजक और मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

जावरा। खाचरोद नाका चौराहा पर जीवन नवलक्खा मित्र मंडल ने यूथ कॉंग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष सनी अखेडिया, शहर अध्यक्ष अल्फेड पठान, पिपलोद दक्षिण अध्यक्ष नितिन चौहान, पिपलोद उत्तर अध्यक्ष नागेश्वर पाटीदार, जावरा ग्रामीण अध्यक्ष दीपक परमार, विधानसभा महासचिव पुरषोत्तम बोडाना का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष संयम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि पप्पू चारोडिया, पार्षद कान्हा हाडा ,पार्षद प्रतिनिधि इमरान मंसूरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र ऊँटवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, दानिश सिद्दीकी,कमलेश वर्मा, ऋषि भारतीय, सलमान बुखारी, सय्यद इश्तियाक अली, जितेंद्र सोलंकी, सईद कुरेशी, कमल वर्मा, मनीष शकी, सुनील नगर, वसीम शेख, जेद पठान, पंकज शाह,शहनवाज पटेल, भवरसिंह चौहान, राजू विजवा, मुस्तकीम नागोरी, समीर, साजिद अब्बासी, इरफान मूसा, दारेन खान, अजय, प्रीतम, प्रेम, कुलदीप, मोहन,कालू, आयुष, महावीर आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण | मिशन न्यूट्रिशन में जिला प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

स्तनपान की सही तकनीक से शिशुओं के वजन,ऊंचाई में बढ़ोतरी हुई

नवभारत न्यूज

रतलाम। जिले के मातृ एवं शिशु चिकित्सा इकाई में व्हील्स ग्लोबल फाऊंडेशन के तत्वावधान में माताओं और शिशुओं के पोषण के संबंध में 3 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भारत की वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रूपल दलाल एम डी पीडियाट्रिशन ने बताया कि डब्लू एच ओ के मानक अनुसार जन्म के समय शिशु का सामान्य वजन 3 किलोग्राम होना चाहिए , 6 माह होने पर शिशु का वजन 8 किलोग्राम और 12 माह का होने पर लगभग 10 किलोग्राम होना चाहिए, स्तनपान की सही तकनीक और उच्च गुणवत्ता युक्त प्रोटीन आहार के माध्यम से शिशु का वजन और ऊंचाई के आदर्श मानक प्राप्त किया जा सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षकों से उनके द्वारा क्षेत्र में व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के द्वारा बनाए गए वीडियो के आधार पर परामर्श से माताओं और शिशुओं के वजन में बढ़ोतरी होना पाई गई। जिला प्रशिक्षक श्री लोकेश वैष्णव ने बताया कि 29 नवंबर 2024 को शिवांश माता सुमित्रा पिता संजय गांव- खारा खेड़ी रतलाम ग्रामीण जिला रतलाम को परामर्श देना प्रारंभ किया गया था । 3 दिन की आयु में शिशु का वजन 3 किलो 140 ग्राम था तथा ऊंचाई 51 सेंटीमीटर थी , परामर्श उपरांत 1 अप्रैल को साढ़े 5 माह की आयु में वजन 7 किलो 585 ग्राम हो गया और ऊंचाई 67.7 सेमी हो गई। अब 11 माह की अवस्था में शिशु का वजन 9 किलो 900 ग्राम हो गया है, साधारण श्रमिक परिवार में शिशु की माता ने मोबाइल के माध्यम से वीडियो देखें और परामर्श के आधार पर शिशु को पोषण प्रदान किया। इसी प्रकार से अनेक जिला प्रशिक्षकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में शिशुओं के वजन और ऊंचाई में उल्लेखनीय बढ़ोतरी आधारित सफलता की कहानी सुनाई गई।

प्रोटीन आधारित डाइट से कार्य क्षमता में सुधार आता है : सर्जन

प्रशिक्षण में वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ देव पाटिल कंसलटेंट ने कहा कि वर्तमान में जिले में पोषण प्रशिक्षक उपलब्ध है। पोषण प्रशिक्षक मिलकर अपने क्षेत्र की कम से कम एक पंचायत में पोषण परामर्श संबंधी गतिविधियां करें और प्रतिदिन फॉलो करके जिले की 100 पंचायतों में बच्चों के वजन और ऊंचाई में बढ़ोतरी लाने की रणनीति बनाकर कार्य करें, ताकि स्वस्थ,सक्षम और बुद्धिमान पीढ़ी का विकास किया जा सके। प्रोटीन आधारित डाइट से बच्चों की कार्य क्षमता में सुधार आता है,जिससे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता कदम चूमती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रतलाम जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि श्री राजेश सोलंकी ने रतलाम जिले में श्री चैतन्य काश्यप फाउंडेशन के माध्यम से आयोजित किया जा रहे सुपोषण कार्यक्रम की भी चर्चा करते हुए बताया कि मंत्री श्री चैतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेकर बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा रही है ।

संतोष मेडतवाल को बेस्ट परफॉरमेंस फॉर सर्विस वीक अवार्ड से किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

जावरा। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी-1 द्वारा सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए लायन डॉक्टर राजेंद्र सोडानी (सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर) द्वारा आयोजित भव्य अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में रीजन चेयरमैन संतोष मेडतवाल एडवोकेट को सेवा सप्ताह के लिए बेस्ट परफॉरमेंस फॉर सर्विस वीक अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल, जीएमटी कोऑर्डिनेटर पवन मोदी, प्रियांश मोदी, दिनेश भारती सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। लायन संतोष मेडतवाल को यह सम्मान सेवा सप्ताह के दौरान समाजहित में किए गए विविध सेवा कार्यों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं मानवता से जुड़े अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने उनके समर्पण और सामाजिक सेवाओं की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

In The Court Of V Additional District and Session Judge, District Court, Ratlam
Presiding Officer: श्वेता तिवारी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/00000023/2025)
भंवरकुंवर राठौर.....आवेदक
VS
सर्वसाधारण.....अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक :-10/12/2025
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- रतलाम जिला रतलाम म प्र
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भंवरकुंवर राठौर पता- म नं. 413 नयागांव राजगढ रतलाम म.प्र. ने मृतक रूघनाथ सिंह राठौर निवासी- नयागांव राजगढ शहर रतलाम की राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 December 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 December 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 07 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया
(श्रीमती श्वेता तिवारी)
पंचम जिला न्यायाधीश
रतलाम (म.प्र.)